हिन्दी साप्ताहिक

R.N.I. No. UPHIN/2022/83621

# जनता का सच

वर्ष 04 अंक 37 | लखनऊ शनिवार 20 सितम्बर 2025 | पृष्ठ 04 मूल्य 2 रूपया

राहुल गांधी के बयान पर भाजपा नेता अनुराग ठाकुर का पलटवार, बोले

## भारत में नेपाल और बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं क्या?

कहा- नेता प्रतिपक्ष ने स्वीकारा, लोकतंत्र बचाना नहीं है उनका काम



एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं और देश में नेपाल और बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। चुनाव आयोग पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों पर भाजपा ने फिर से कटाक्ष किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल हाइड्रोजन बम फोड़ने वाले थे, लेकिन फुलझड़ी से काम चलाना पड़ा। यही नहीं, ठाकुर ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर भारतीय लोकतंत्र व संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध षड्यंत्र करने का गंभीर आरोप लगाया। बीजेपी नेता ने कहा कि कांग्रेस नेता संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न खड़े कर, बार-बार झूठ बोलकर और जनता को गुमराह कर भारत में भी नेपाल व बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार 90 चुनाव हार चुकी है, इसलिए उनकी हताशा-निराशा दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। आरोपों की राजनीति को उन्होंने अपना आभूषण बना लिया है।

### लोकतंत्र को बर्बाद करने की तैयारी है क्या?

वहीं, राहुल के ही बयान को लपकते हुए भाजपा ने पलटवार किया कि एक बात आज राहुल गांधी ने मान ली। उन्होंने अपने ऊपर ही हाइड्रोजन बम फोड़ दिया। कह दिया कि मैं लोकतंत्र बचाने नहीं आया हूं। ठाकुर ने पूछा- लोकतंत्र को बर्बाद करने की तैयारी है क्या? क्या चाहती है कांग्रेस? चुनाव आयोग की निष्पक्षता सवाल उठाने वाली कांग्रेस पर पलटवार किया कि रमादेवी, एमएस गिल, टीएन शेषन आदि को चुनाव आयुक्त किस पार्टी ने नियुक्त किया और यह सब किस पार्टी में वापस गए? यह सब कांग्रेस में गए। इन्होंने चुनाव आयोग का कभी दुरुपयोग किया होगा, उनको बड़े-बड़े पद भी बाद में दिए गए होंगे।

### धमाका करने आए थे, ड्रामा करके चले गए

ठाकुर ने तंज कसा कि जब-जब राहुल गांधी ने आरोप लगाए और कोर्ट गए तो हर बार मुंह की खानी पड़ी। क्या इसी डर से राहुल अब शपथ पत्र नही दे रहे हैं? आए थे धमाका करने और ड्रामा करके चले गए। अगर इतना ही दम राहुल के तर्कों में है तो कोर्ट क्यों नहीं जाते? कोई सुबूत नहीं देते? क्या संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना और भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस का है? उन्होंने दावा किया कि एसआइआर का मुद्दा उठा रहे राहुल बिहार चुनाव के बाद फिर माफी मांगेंगे।

### माफी मांगना और कोर्ट की फटकार खाना राहुल का काम

उन्होंने कटाक्ष किया कि जब इन्हीं के द्वारा लगाए गए आरोपों को प्रमाणित करने के लिए कहा जाता है तो पीठ दिखाकर भाग जाते हैं। शपथ पत्र देने के लिए कहा जाता है तो मुकर जाते हैं। बार-बार आरोप लगाने के बाद माफी मांगना और कोर्ट से फटकार खाना राहुल का काम हो गया है। उनके कीचड़ उछालो और भाग जाओ, हिट एंड रन के कई केस हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सवाल उठाया कि जिस अलांद विधानसभा सीट का उल्लेख राहुल गांधी ने किया है, उसे 2023 में कांग्रेस के उम्मीदवार ने ही जीता था। क्या कांग्रेस ने वोट चोरी करके सीट जीती थी?

राहुल गांधी का बड़ा बयान

### देश के युवा, छात्र और जीईएनजेड लोकतंत्र की रक्षा करेंगे, मैं उनके साथ

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी के खिलाफ अपने अभियान को लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई बताते हुए उम्मीद जताई है कि देश के युवा, छात्र तथा जेनरेशन-जेड वोट चोरी को रोकेगा। कर्नाटक के अलांद विधानसभा में 6000 से अधिक वोटरों के नाम काटे जाने के अपने दावों को चुनाव आयोग द्वारा खारिज किए जाने के बावजूद कांग्रेस नेता अपने आरोपों पर कायम रहने का साफ संदेश देते हुए एक्स पोस्ट में पलटवार करते हुए कहा कि गंतव्य आईपी, डिवाइस पोर्ट और ओटीपी ट्रेल्स का विवरण कर्नाटक सीआईडी को मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा रोकी गई है। इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बहाने बनाना बंद कर कर्नाटक सीआईडी को सबूत तुरंत सौंपे। इसके बाद एक्स पर एक दूसरे पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेन-जेड संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भरोसा

## आर्म्ड फोर्सेस देश सेवा और दुनिया देखने का अच्छा मौका

एजेंसी | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भरोसा है कि 22 से लागू हो रही नई जीएसटी दरों से महंगाई से राहत मिलने के साथ व्यापार को गति मिलेगी। जीएसटी रिफॉर्म को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकार वार्ता की। उनके साथ प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह सुधार किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है। ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर टैक्स घटाकर 5त्न कर दिया गया है। इससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल किसानों को राहत देगा बल्कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।





### यूपी को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के नाते उत्तर प्रदेश को जीएसटी सुधारों का सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले यूपी में वैट और सेल टैक्स से केवल 49,000 करोड़ रुपये का राजस्व आता था। 2017 के बाद यह बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये हो गया। केंद्र से जो शेयर मिलता है वो अलग। यही नहीं, प्रदेश में एक्सप्रेसवे, मेट्रो और एयरपोर्ट नेटवर्क का विस्तार भी टैक्स सुधार से संभव हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को खासतौर पर पिपरमेंट, फुटवियर, रेडीमेड वस्त्र और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट उद्योगों से लाभ होगा। सिंथेटिक मेंथॉल पर 18प्रतिशत टैक्स और ऑर्गेनिक मेंथॉल पर केवल 5त्न टैक्स लगाया गया है, जिससे यूपी के किसान और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

## देहरादून में फटा बादल सहारनपुर के कई परिवार बर्बाद, बाप-बेटा समेत छह मजदूर लापता

देहरादून। देहरादून में बादल फटने की भीषण घटना ने सहारनपुर के कई परिवारों की खुशियां छीन ली हैं और उन्हें गहरे दर्द और सदमे में डाल दिया है। मीरपुर थाना फतेहपुर और आसपास के गांवों से गए मजदूरों का हादसे के बाद से अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिला प्रशासन ने जिन मजदूरों के नाम जारी किए हैं उनमें मीरपुर के मिथुन, उम्र 32 वर्ष, उनके पापा श्यामलाल, उम्र 65 वर्ष, धर्मेंद्र, उम्र 42 वर्ष और विकास, उम्र 26 वर्ष शामिल हैं। ये सभी मजदूरी के लिए पत्थर तोड़ने देहरादून गए थे और आखिरी बार 15 सितंबर की शाम घरवालों से फोन पर बातचीत हुई थी। उसके बाद से उनके मोबाइल बंद हो गए और अब तक कोई खबर नहीं आई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण देहरादून पहुंचे, घंटों खोजबीन चली लेकिन अब तक नतीजा शून्य रहा। गांव का माहौल मातम में बदल चुका है और हर कोई बेसब्री से अपने लोगों के लौटने की दुआ कर रहा है। इसी के साथ दो लोग और सहारनपुर के हैं, टोटल 6 लोग सहारनपुर से लापता हैं।

अडानी ग्रुप को सेबी से मिल गई बड़ी राहत

## हिंडनबर्ग के आरोपों में दम नहीं..

एजेंसी | नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने हिंडनबर्ग रिसर्च के लगाए आरोपों के संबंध में अडानी समूह और उसके चेयरमैन गौतम अडानी के खिलाफ मामले का निपटारा किया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अडानी समूह और उसके अरबपति संस्थापक गौतम अडानी को शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए कुछ अनियमितताओं के आरोपों से मुक्त कर दिया है। सेबी ने गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित दो




अलग-अलग आदेशों में कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि भारतीय समूह ने अपनी सूचीबद्ध इकाइयों में धन भेजने के लिए किसी तथाकथित संबंधित पक्ष का इस्तेमाल किया। अडानी समूह ने जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग द्वारा पहली बार लगाए गए आरोपों का बार-बार खंडन किया था। हिंडनबर्ग द्वारा की गई नाकामियों के बारे में बात करते हुए, गौतम अडानी ने हर गिरावट के बाद और मजबूती से उभरने के महत्व पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, हमने ऐसे नेताओं का एक समूह तैयार किया है जो बार-बार अज्ञात में कदम रखने का साहस रखते हैं।

सूदखोरों के जाल में फंसे व्यापारी ने दे दी जान

## 17 साल ब्याज देने के बाद भी चार लाख कर्ज को बता रहे थे 80 लाख

एजेंसी | मुजफ्फरनगर



सूदखोरों के जाल में फंसे रेडिमेड गारमेंट्स व्यापारी ने मोती झील में कूदकर जान दे दी। अत्यधिक ब्याज और लगातार मिल रही धमकियों से त्रस्त होकर व्यापारी ने यह कदम उठाया। स्वजन के मुताबिक 17 वर्ष से ब्याज दे रहे थे, लेकिन अभी भी उन पर 80 लाख रुपये कर्जा दर्शाया जा रहा था। जिससे वह तनाव में थे। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के साकेत कालोनी निवासी 50 वर्षीय विनोद बाठला पुत्र धर्मपाल बाठला की झांसी रानी चौक पर नंगली गारमेंट्स के नाम से दुकान है। गुरुवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे विनोद अपने घर से निकल गए थे। इसके बाद उन्होंने शामली रोड स्थित मोती झील में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत उन्हें बाहर निकलवाया और जिला चिकित्सालय में भिजवाया। यहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने स्वजन को सूचना दी तो परिवार में कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

लंदन दौरे पर ट्रंप ने मानी अहमियत

## मेरे भारत से घनिष्ठ संबंध, पीएम मोदी के साथ भी अच्छे रिश्ते

एजेंसी | लंदन

टैरिफ को लेकर चल रहे तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत के साथ अच्छे संबंध होने की बात दोहराई। रूसी तेल व्यापार को लेकर बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि मैं भारत के बहुत करीब हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरे करीबी मित्र हैं। मैंने पिछले दिनों जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए उनसे बात की थी। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं और उन्होंने अच्छा बयान भी दिया था। ब्रिटेन दौरे पर गए ट्रंप ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ प्रेस वार्ता



के दौरान भारत पर लगाए गए टैरिफ को लेकर कहा कि बहुत सीधी सी बात है, अगर तेल की कीमतें गिरती हैं, तो पुतिन युद्ध से हट जाएंगे। उनके पास कोई विकल्प नहीं होगा।

## मजदूर महिला की किस्मत चमकी, 8 हीरे मिले, पन्ना में हीरा कार्यालय में कराए जमा, 8 में से 6 हीरे जेम्स क्वालिटी के

पन्ना। पन्ना में एक मजदूर महिला की किस्मत बदल गई। उसे एक हफ्ते के अंदर अपनी खदान से कीमती 8 हीरे मिले हैं। महिला का नाम रचना गोलदार है। वह बड़गड़ी गांव की रहने वाली है। रचना ने हीरा कार्यालय से पट्टा लेकर हजारा मुद्दा क्षेत्र में खदान लगाई थी। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि इन 8 हीरों में से 6 जेम्स क्वॉलिटी के हैं, जिनका कुल वजन 2.53 कैरेट है। इनमें सबसे बड़े हीरे का वजन 0.79 कैरेट है। इसके अलावा 2 हीरे ऑफ-कलर के हैं। रचना गोलदार ने सभी हीरों को हीरा कार्यालय में जमा करा दिया है। इन्हें आगामी नीलामी में रखा जाएगा। इस साल में पहली बार एक साथ 8 हीरे जमा हुए हैं। इसके पहले भी 7 हीरे एक साथ जमा हुए थे।

## ईडी ने बीसी जिंदल ग्रुप के 13 ठिकानों पर की छापेमारी, कंपनी पर विदेशी मुद्रा कानून उल्लंघन का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बीसी जिंदल ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है। जिंदल ग्रुप का वार्षिक कारोबार 18,000 करोड़ रुपये से अधिक है और यह बिजली क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर और हैदराबाद स्थित ग्रुप के निदेशकों और अधिकारियों से जुड़े कम से कम 13 ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। कंपनी पर विदेशी मुद्रा कानून के उल्लंघन का संदेह है। सूत्रों ने बताया कि ईडी कंपनी की समूह इकाइयों जैसे जिंदल इंडिया थर्मल पावर लिमिटेड और जिंदल इंडिया पावरटेक लिमिटेड द्वारा विदेशी निवेश और विदेशी इकाइयों में धन जमा करने के संबंध में संदिग्ध फेमा उल्लंघन की जांच कर रही है।

## सऊदी-पाक के बीच रक्षा समझौता, मिलकर हमले का जवाब देंगे

दावा- एटमी हथियार का भी इस्तेमाल शामिल

एजेंसी | रियाद

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। रॉयटर्स के मुताबिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है।



सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी। शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। एक अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि यह समझौता किसी खास देश या घटना के खिलाफ नहीं हुआ है, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले गहरे सहयोग का आधिकारिक रूप है।

सीडीएस बोले | फौज वह जगह, जहां भाई-भतीजावाद नहीं, किसी तरह का पक्षपात या सिफारिश भी नहीं होती

## ऑपरेशन सिंदूर में हमने पाक को हराया, बच्चे सेना में आने का सपना देखें

एजेंसी | नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा कि फौज ही एकमात्र ऐसी जगह है जहां किसी भी तरह का भाई-भतीजावाद (नेपोटिज्म) नहीं है। यहां किसी तरह का पक्षपात या सिफारिश भी नहीं होती। चौहान ने रांची में छात्रों से बातचीत के दौरान बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे सेना में आने का सपना देखें, क्योंकि यही देश की सेवा करने और दुनिया को



देखने का सबसे अच्छा मौका है। छ्ष्ठक्र ने बताया- हमने ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान पर पहला हमला 7 मई की रात 1 बजे किया था, ताकि आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।

### जनरल चौहान बोले- भारत शांति चाहता है, लेकिन इसे कमजोरी न समझा जाए

जनरल चौहान ने दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन इसे कमजोरी न समझा जाए। चौहान ने ये भी कहा- शांति बिना ताकत के केवल एक सपना है। अगर शांति चाहिए तो युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना होगा।

### भारत शांतिप्रिय देश लेकिन शांतिवादी नहीं

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (छ्ष्ठक्र) अनिल चौहान ने कहा कि भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं। शक्ति के बिना शांति एक यूटोपियन धारणा है। जनरल चौहान ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां दोहराते हुए कहा, 'क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो, उसको क्या जो दंतहीन, विषरहित, विनीत, सरल हो।'

### सेना ने आपदाओं में भी आगे बढ़कर काम किया

जनरल चौहान ने कहा कि इस साल देश में बाढ़, भूकंप और भूस्खलन जैसी कई प्राकृतिक आपदाएं आईं। इन मुश्किल हालात में सेना ने सबसे आगे बढ़कर काम किया। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने दिन-रात मेहनत कर फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाला, उन्हें राहत सामग्री पहुंचाई और उनकी जान बचाई।

# जनपद बहराइच दूसरे दिन पर अनिश्चितकालीन धरने पर डडे रहे ग्रामीण भ्रष्टाचार के विरोध-प्रदर्शन मे शामिल हुए कई राष्ट्रीय दल

ब्यूरो रामेश्वर सिंह भदौरिया जनता का सच

शिव सेना नेता रोशन नाविक ने दी चेतावनी दो दिन मे नही हुई मांग पूरी तो होगा चक्का जाम लोधेश्वर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार लोधी ने समर्थन देते हुए कहा कि सभी दल मिलकर करेंगे जिलाधिकारी का घेराव



शोभाराम फाउन्डेशन जन सेवा के तत्वाधान मे भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चे पर शासन को जगाने के लिए बहराइच कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना–प्रदर्शन 18 सितम्बर 12 बजे से दूसरे दिन 19 सितम्बर को सैकड़ो ग्रामीण वासी लखनऊ के शोभाराम जनसेवा फाउंडेशन के तत्वावधान मे मांग पूरी न होने तक अनिश्चितकालीन धरना–प्रदर्शन मे सैकडो ग्रामीण डटे रहे मांग पूरी होने तक शोभाराम जनसेवा फाउंडेशन के समर्थन मे धर्मसेना के जिलाध्यक्ष विमल वर्मा, राष्ट्रवादी पार्टी के नेता राजेश जायसवाल, मौजीलाल मिश्रा,अंकित मिश्रा ने इस भ्रष्टाचार पर शोभाराम जनसेवा फाउन्डेशन को समर्थन देते हुए कहा कि इस भ्रष्टाचार मे शासन के द्वारा यदि मांग नही पूरी हुई तो उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयो पर प्रदेश व्यापी धरना–प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा ग्राम पंचायत बरूही (बनपुरपा) जगतापुर,विकास खण्ड हुजूरपुर तहसील–बहराइच मे वर्ष 2019–20 से 2025 तक हुए करोड़ो के घोटाले को लेकर अधिक धन मे भ्रष्टाचार, घोटाला, घपला धान्धली के दोषी ग्राम प्रधान सुधीर कुमार सिंह उर्फ भयंकर सिंह की आय से अधिक सम्पति बनाया इन्ही सब और भी बिन्दुओ पर शोभाराम फाउन्डेशन के ध्रुव कुमार सिंह सदस्य व भूपेंद्र सिंह शोभाराम फाउन्डेशन के प्रदेश सचिव सैकडो ग्रामीण जन इस हुए भारी–भरकम भ्रष्टाचार के खिलाफ बहराइच के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरनास्थल पर शासन व प्रशासन को जगाने के लिए मोर्चा खोल दिया

# वन्य जीव सक्रियता क्षेत्र को 04 सेक्टरों में बांट कर की जा रही है निगरानी

## विशेषज्ञों के साथ–साथ कैमरों से की जा रही है मदद

ब्यूरो चीफ रामेश्वर सिंह भदौरिया जनता का सच

बहराइच। वन प्रभाग, बहराइच के कैसरगंज रेंज अन्तर्गत तहसील कैसरगंज एवं महसी के ग्रामों में अज्ञात वन्य जीव द्वारा किये गये हमले के दृष्टिगत नियंत्रण/शमन की कार्यवाही के दृष्टिगत हिंसक वन्य जीव के सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों को 04 सेक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों द्वारा दिवारात्रि में गश्त कर प्रभावित क्षेत्र को निगरानी में रखा गया तथा क्षेत्र में तैनात समस्त टीमों द्वारा सेक्टर प्रभारियों की देख–रेख रणनीति के तहत रेस्क्यू कार्यवाही का संचालन किया जा रहा है। डीएफओ श्री यादव ने बताया कि वन विभाग द्वारा 17/18 सितम्बर को तहसील कैसरगंज व महसी के अज्ञात वन्य जीव आतंक प्रभावित क्षेत्र के सभी 04 सेक्टरों में वन्य जीव को खोजने/रेस्क्यू के उद्देश्य से सेक्टर प्रभारियों की अगुवाई में विशेषज्ञ टीम द्वारा 02 थर्मल ड्रोन कैमरे तथा गश्ती दलों द्वारा वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की गयी। गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर 05 कैमरा ट्रैपस को स्थापित कर उपद्रवी वन्य जीव के आवागमन को खोजने की कार्यवाही की गयी। डीएफओं ने बताया कि मंगलवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव), उत्तर प्रदेश द्वारा हिंसक वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्रों में की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए मानव–वन्य जीव संघर्ष पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। डीएफओ ने बताया कि वन्य जीव के हमले से प्रभावित ग्रामों में 15 सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये हैं। ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। इसके अलावा वन्य जीव संभावित स्थानों पर 03 ट्रैपिंग केज लगाये गये हैं ताकि अज्ञात वन्य जीव को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की भी कार्यवाही की जा रही है। श्री यादव ने बताया कि जन जागरूता टीमों द्वारा स्थानीय ग्रामीणजनों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु पम्पलेट, लाउडस्पीकर एवं समूह बनाकर हिंसक वन्य जीव से बचाव हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है तथा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। डीएफओ ने बताया कि गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्राम के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को आबादी से दूर रखने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रभाग स्तर पर कमांड सेंटर स्थापित किया गया है जो वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में तैनात टीमों से सूचनाएं प्राप्त कर अधिकारियों को अवगत करा रही हैं। वन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र में दिवारात्रि गश्त की जा रही है जिससे कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने पायी है।




# उम्मीद पोर्टल पर दर्ज होगा वक्फ सम्पत्तियों का विवरण

ब्यूरो चीफ रामेश्वर सिंह भदौरिया जनता का सच

बहराइच। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 08 अप्रैल 2025 से एकीकृत वक्फ प्रबन्धन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास (उम्मीद) अधिनियम–1995 लागू किया गया है। अधिनियम के प्राविधान अन्तर्गत धारा ३ (क) के अनुसार केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा एक सशक्त उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल, 2025 का शुभारम्भ किया गया है। जिसका उद्देश्य मौजूदा औकाफ का विवरण, पंजीकरण, लेखा, लेखा परीक्षा और वक्फ एवं बोर्ड के अन्य विवरण को उम्मीद पोर्टल पर लोड किया जाना है। वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर फीड करने किये जाने हेतु उ.प्र. सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 0522–3132567 जारी किया गया है साथ ही बोर्ड के दो उच्च अधिकारियों (सहायक सचिव) को एप्रूवर तथा 04 कार्यपालक अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर चेकर तथा जनपद के बड़े औकाफ से सम्बन्धित मुतवल्ली/प्रबन्ध समिति को जनपद को–ऑर्डिनेटर के रूप में नामित किया गया है। इसी प्रकार शिया वक्फ बोर्ड द्वारा भी वक्फ सम्पत्तियों का विवरण फीड किये जाने हेतु एप्रूवर, चेकर, मेकर एवं को–आर्डिनेटर नामित किये गये हैं। सुन्नी वक्फ बोर्ड द्वारा नामित कार्यपालक अधिकारी एजाज अहमद मो.न. 9795742635, एस.एम. अफज़ाल काशिफ मो.न. 9450627158, अहमद मुबीन किदवई मो.न. 8299449768, मुजाहिद रहमान मो.न. 8299363648, निरीक्षक अशर सिद्दीकी मो.न. 8081079944, मुतवल्ली/को–आर्डिनेटर बकाउल्ला मो.न. 9415036941, साजिद अली एडवोकेट मो.न. 9450429956, नसीरूद्दीन मो.न. 9935895704 व अकील मो.न. 9415036650 पर सम्पर्क किया जा सकता है। शिया वक्फ बोर्ड द्वारा नामित मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीशान रिज़वी मो.न. 9415036983, निजी सहायक शकील अब्बास मो.न. 9935190711, एल.डी.सी. राहिब अली मो.न. 8756637860, मुतवल्ली/मेकर शौज़ब अब्बाास मो.न. 9506677907, असिस्टेन्ट प्रोग्रामर आकाश वर्मा मो.न. 9580120821 तथा मुतवल्ली/कोआर्डिनेटर सै. सगीर इमाम रिज़वी मो.न. 9415036710 पर सम्पर्क किया जा सकता है। श्री खालिद ने बताया कि वक्फ सम्पत्तियों का विवरण पोर्टल पर फीड कराये जाने हेतु कार्यालय स्तर पर स्थापित हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ मो.न. 9758072117 एवं वक्फ निरीक्षक मो.न.8299415241 को डेस्क प्रभारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा नियुक्त मुतवल्ली एवं को–आर्डिनेटर्स को निर्देशित किया गया है कि बोर्ड के निर्देशानुसार वक्फ सम्पत्तियों का विवरण पोर्टल पर समयान्तर्गत फीड कराना सुनिश्चित करें तथा प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित का सम्पूर्ण करें।

# जनपद बहराइच किसानो से ट्रैक्टर धोखाधड़ी से लेकर फर्जी आरसी तैयार कर पुनः किसानो को ट्रैक्टर बेचने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का मुख्य अभियुक्तगिरफ्तार, 03 ट्रैक्टर बरामद

स्टेट ब्यूरो चीफ अब्दुल नासिर

थानाः– मूर्तिहा / स्वॉट / सर्विलांस पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच द्वारा अपराध व अपराधियों की रोक–थाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा–निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा श्रीमती हर्षिता तिवारी के कुशल नेतृत्व में थाना मूर्तिहा पुलिस व स्वॉट/सर्विलांस की संयुक्त टीम को मिली सफलता, बी0एन0एस0 का मुख्य आरोपी गिरफ्तार। व घटना के अनावरण का विवरण–थाना मूर्तिहा पुलिस को दिनांक 29.06.25 को तीन अलग–अलग लोगों से सूचना प्राप्त हुई कि दुर्गेश कुमार पुत्र बेचन सिंह निवासी ग्राम तुलसीपुर माझा पूरे डाली जिला गोण्डा द्वारा वादीगण के ट्रैक्टरों जिन्हें रु0 25000 से 30000 प्रति माह भाड़े पर लिया गया था, किन्तु कुछ माह पश्चात् विपक्षी द्वारा न ही किराए के पैसे दिये गये और न ही ट्रैक्टर वापस किया जा रहा है। उक्त सूचनाओं पर स्थानीय पुलिस द्वारा समुचित धाराओं में कुल 03 अभियोग पंजीकृत किये गये। जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस टीम गठित की गयी। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये 03 अभियुक्तों 1.कुलदीप सिंह पुत्र अखिलेश सिंह, 2. सुभाष कुमार पुत्र लल्लू सिंह, 3.रामजी शर्मा पुत्र रामबाबू शर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 07 ट्रैक्टर बरामद कर पूर्व में न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार में भेजा जा चुका है। जबकि तीनों ही अभियोगों के नामजद मुख्य अभियुक्त दुर्गेश सिंह की तलाश की जा रही थी कि आज दिनांक 18.09.2025 को पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अलग–अलग स्थानों से भिन्न–भिन्न अभियोगों से सम्बन्धित 03 ट्रैक्टर बरामद करते हुए वांछित अभियुक्त दुर्गेश सिंह को समय करीब 06.45 बजे रुपईडीहा–नानपारा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों–निर्देशों का पालन करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया। की विवेचना के साक्ष्य संकलन से अभियुक्त दुर्गेश द्वारा अपने सह अभियुक्तों 1. कुलदीप सिंह पुत्र अखिलेश सिंह, 2. सुभाष कुमार पुत्र लल्लू सिंह, 3. रामजी शर्मा पुत्र रामबाबू शर्मा के साथ मिलकर एक गैंग तैयार कर आपराधिक षड़यंत्र रचकर ट्रैक्टर मालिक / किसानों से ट्रैक्टर फाइनेन्स करवाकर ट्रैक्टर कंपनी से निकलवाकर उनसे रेलवे में ठेके के नाम पर ट्रैक्टर लेकर ट्रैक्टर के फर्जी कागजात तैयार कर भोले भाले किसानों को ट्रैक्टर स्वामियों को बिना बताये ट्रैक्टर बेचकर फ्रॉड किया जा रहा था, घटना में शामिल सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है जिनके कब्जे / निशानदेही से कुल 10 ट्रैक्टर (पूर्व से बरामद 07 ट्रैक्टर) बरामद हुए जो थाना स्थानीय के मुकदमे व अन्य थानों जनपद गोण्डा, जनपद गोरखपुर से संबंधित है, अभियुक्तगण के निशानदेही पर ट्रैक्टरों को जनपद सीतापुर, जनपद शाहजहाँपुर व बाराबंकी से बरामद किया गया है।



अभियुक्तगण का विवरणः–

1. दुर्गेश सिंह पुत्र बेचन सिंह निवासी ग्राम तुलसीपुर मांझा पुरे डाली थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा

बरामदगी का विवरणः–

1. ट्रैक्टर पावर ट्रैक
2. ट्रैक्टर आयसर 551
3. ट्रैक्टर महिन्द्रा 275 DI (मु0अ0सं0 159/2025 थाना मूर्तिहा से सम्बन्धित)

गिरफ्तारी पुलिस टीम–

– थाना मूर्तिहा प्रभारी निरीक्षक श्री रामनरेश उ0नि0 श्री अनिल यादव हे0का0 सुभाष यादव का0 अमित कुमार यादव

– स्वॉट/सर्विलांस–

श्री मनोज सिंह यादव, प्रभारी स्वाट/सर्विलांस सेल मय टीम

मु0आ0 प्रदीप कुशवाहा सर्विलांस सेलआरक्षी नितिन अवस्थी सर्विलांस सेलआरक्षी आनन्द उपाध्याय सर्विलांस सेल

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जिले के अधिकारियों के साथ की बैठक, योजनाओं के क्रियान्वयन में नवाचार को दे बढ़ावा

स्टेट ब्यूरो चीफ अब्दुल नासिर जनता का सच




बहराइच। मा. उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर एसडीएम, सीओ व विद्युत विभाग के अधिकारी प्रत्येक माह जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का समाधान कराएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा सीएमओ को निर्देश दिये गये कि अभियान चलाकर समस्त सीएचसी व पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वच्छता अभियान संचालित किया जाय। स्वच्छता के प्रति लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये साथ ही मासिक रूप से सभी कार्यालयों में एक दिन स्वच्छता अभियान संचालित किया जाये जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारी शामिल हों। उप मुख्यमंत्री ने डीएम को निर्देश दिया कि बैठक से अनुपस्थित रहने वाले जिम्मेदार अधिकारियों का एक दिन का वेतन बाधित किये जाने की कार्यवाही की जाय। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि सभी कार्डधारकों को मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाय। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने निर्देश दिया कि मेडिकल कालेज में मानक के अनुसार सभी संसाधन मुहैय्या कराये जाएं ताकि मेडिकल कालेज आने वाले मरीज़ों एवं तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। बिजली आपूर्ति की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि स्थानीय फाल्ट व ट्रांसफार्मर की मरम्मत इत्यादि का कार्य समय से पूर्ण करते हुए शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति में यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाते हुए उनका सहयोग भी प्राप्त किया जाय। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि जो भी कार्य कराये जायें उसमें मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। लाईन लास को कम करने के लिए अभियान संचालित करें तथा आमजन के फोन को अनिवार्य रूप से उठाया जाय। उन्होंने चिकित्सालय के निकट स्थापित बिलिंग काउण्टर तथा पानी टंकी चौराहा के निकट स्थापित ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के लिए बिजनेस प्लान में शामिल करने के निर्देश दिये गये। वन्य जीव प्रभावित क्षेत्रों में चौबिसो घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम को निर्देश दिया कि अभियान संचालित कर बकाया वरासत की कार्यवाही की जाय ताकि आश्रितों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने में असुविधा न हो। रबी सीजन को देखते हुए जनपद में पर्याप्त उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाय तथा जमाखोरी व ओवररेटिंग करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। गन्ना भुगतान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान समय से कराया जाय। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि किसी क्षेत्र में 03 वर्ष से तैनात लेखपालों, हल्का सिपाही व ग्राम विकास अधिकारियों को शिफ्ट कर दिया जाय। कानून एवं शान्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों के विरूद्ध तत्परता के साथ कार्रवाई करने तथा चोरी की घटनाओं को रोकने हेतु ठोस उपाय करने के भी निर्देश दिये गये। डीएफओ को निर्देश दिया गया कि वन्य जीव से सम्बन्धित घटनाओं में तत्परता के साथ कार्यवाही करते हुए पीड़ित व्यक्तियों का मुआवज़ा दिलाया जाय। बैठक के दौरान जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जनपद स्तर पर गठित विभिन्न प्रकार की कमेटियों को अद्यतन करते हुए उनकी नियमित बैठकें भी करायी जाये साथ ही धारा 24 से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों का चरणबद्ध निस्तारण कराया जाय। डीएम ने बताया कि जनपद में 600 प्रकरण चिन्हित किये गये है जिसका निस्तारण यथाशीघ्र करा दिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने यह भी निर्देश दिया कि अभियान संचालित कर चकमार्गों व चरागाहों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उन्हें उपयोग में लाया जाय तथा कछार क्षेत्र के सीमांकन के लिए भी अभियान चलाया जाय।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद के गौआश्रय स्थल सीसीटीवी कैमरों से आच्छादित हैं जिसका कन्ट्रोल रूम विकास भवन में स्थापित है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने जनप्रतिनिधियों को सुझाव दिया कि समय समय पर आप लोग भी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहें। सभी प्रकार की पेंशन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि लाभार्थियों की सूची जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी जाय। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से भी आच्छादित किया जाय। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य द्वारा सिचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जनपद की सिचाई संसाधनों का पूरी क्षमता के साथ उपयोग में लाया जाय। राजकीय नलकूपों की सूची मा. जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जाय। धान क्रय कार्य की समीक्षा के दौरान जिला खाद्य एवं विपणन विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रस्तावित धान क्रय केन्द्रों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाय ताकि वे भी क्षेत्रीय आवश्यकतानुसार अपने सुझाव दे सकें। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान बीएसए को निर्देश दिये गये कि समूह की महिलाओं को भी विभागीय योजनाओं से जोड़ा जाय तथा अन्य विभाग भी महिला समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का आवश्यकतानुसार क्रय करें। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान डीएम को निर्देश दिया गया कि संतृप्त गांवों के लिए 15 अधिकारियों की टीम का गठन कर सत्यापन कराया जाय साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत करायी जाय। खाद्यान्न वितरण कार्य की समीक्षा के दौरान डीएसओ को निर्देश दिया कि सत्यापन के दौरान रिक्त हुई यूनिटों को जनप्रतिनिधियों के सुझाव अनुसार नये पात्रों को जोड़ा जाय। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचाने हेतु तथा जनसमस्याओं के समाधान हेतु ब्लाक दिवस व ग्राम चौपाल आयोजित की जाय। शासन के पत्रों का समयबद्धता के साथ जवाब दिया जाय। बैठक के अन्त में उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी अधिकारी टीम भावना के साथ सर्वश्रेष्ठ कार्य करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में नवाचार को बढ़ावा दिया जाय। इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा। जनपद में पर्यटन की अपार संभावना को देखते हुए उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने निर्देश दिया कि महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर स्थापित महाराजा सुहेलदेव मेमोरियल को क्रियाशील किया जाय। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पहुंचकर कोर कमेटी/पार्टी पदाधिकारियों एवं मा. जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, नानपारा के राम निवास वर्मा, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, एडीएम अमित कुमार, डीएफओ बहराइच राम सिंह यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महराजगंज, 18 सितंबर 2025, मुख्य विकास अधिकारी श्री अनुराज जैन की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई



महराजगंज। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी सहित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी ली। सहायक आयुक्त उद्योग ने बताया कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में वित्तीय वर्ष 2025दृ26 के लिए लक्ष्य 1700 है, जिसके सापेक्ष 2824 आवेदन इस वित्तीय वर्ष में प्रेषित किया जा चुका है। विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 902 आवेदन स्वीकृत करते हुए 839 मामलों में ऋण वितरण किया जा चुका है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने वितरण और स्वीकृत हेतु बैंकों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द से निस्तारण हेतु निर्देशित किया। कहा कि सीएम युवा उद्यमी जैसी अहम योजना में हीलाहवाली कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में वित्तीय वर्ष 2025दृ26 में भौतिक लक्ष्य 160 के सापेक्ष 120 आवेदन विभाग द्वारा विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए जा चुके हैं। इनमे अलगदृअलग बैंकों द्वारा 64 आवेदनों को स्वीकृत करते हुए 60 में ऋण वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ओडीओपी योजना के तहत 26 लक्ष्य के सापेक्ष 37 आवेदन बैंको को भेजे गए हैं, जिसमे 20 आवेदनो को स्वीकृत करते हुए बैंकों द्वारा 12 में ऋण का वितरण किया गया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि आवेदनों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। व्यापार बंधु की बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने जीएसटी पंजीयन बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों से भी अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जीएसटी पंजीयन करने हेतु प्रेरित करें। इससे उन्हें दुर्घटना की स्थिति में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना योजना के अंतर्गत 10 लख रुपए का बीमा कवर भी प्राप्त होगा। उन्होंने उपायुक्त राज्यकर को भी व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुए करें। बैठक में उद्यमियों और व्यापारियों द्वारा अपनी समस्याओं को भी रखा गया, जिसके संदर्भ में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में उपयुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, उपयुक्त राज्यकर श्री हरिशंकर प्रसाद, सहायक आयुक्त श्री राकेश जयसवाल, ईओ नगर पालिका महराजगंज श्री आलोक कुमार सहित विभिन्न अधिकारी और उद्यमी/व्यापारी उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टूल किट एवं चेक वितरण किया गया



महराजगंज। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के तहत जनपद में स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत ओ0डी0ओ0पी स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित 440 लाभार्थियों को चयनित किया गया है जिसमें 180 को आज दिया गया। इस योजना के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में पांच महिला लाभार्थियों को टूलकिट तथा चार लाभार्थियों में लाइब्रेरी हेतु कुमारी सविता श्रीवास्तव को 10 लाख, मेन्स सैलून हेतु सोनू शर्मा को 01लाख तथा सुभाष को लकड़ी फर्नीचर के लिए 05 लाख व सिलाई कढ़ाई में कुमारी सरस्वती को 02 लाख का डेमो चेक मा0पनियरा विधायक श्री ज्ञानेंद्र सिंह व सदर विधायक श्री जयमंगल कन्नोजिया द्वारा दिया गया।इस अवसर पर सभागार में लखनऊ से मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया और लोगों ने मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का उद्बोधन भी सुना इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सन्तोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, ब्लाक प्रमुख परतावल आनन्द शंकर वर्मा व उपायुक्त उद्योग श्री अभिषेक प्रियदर्शी, पीडी रामदरश चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला लाभार्थी उपस्थित रहीं।

# महराजगंज 17 सितम्बर 2025, आज मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मध्यमप्रदेश के धार जिले से स्वस्थ नारी, सशक्तपरिवार व पोषण अभियान का शुभारम्भ किया गया



महराजगंज। इस अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित भव्य कार्यक्रम में लोगों ने मा. केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री श्री पंकज चौधरी जी की उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर प्रांगण में एक सभा का आयोजन भी किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मा. केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी का आज जन्मदिवस है और वो अपने जन्मदिन को देश की माताओं, बहनों और बेटियों के बीच मना रहे हैं। मा. प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता में माताओं एवं बहनों का विशेष स्थान है। इसीलिए आज वो स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार का शुभारंभ कर रहे हैं। मा. मंत्रीजी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विकसित भारत की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास, पात्र गृहस्थी कार्ड, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन आदि में विशेष स्थान दिया जाता है। उन्होंने कहा आज से 02 अक्टूबर तक जिले के समस्त सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में महिला रोगों से संबंधित सभी चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सबसे अनुरोध किया कि स्वास्थ्य शिविर का ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। स्वास्थ्य शिविर का साथ विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में कुल 75 यूनिट रक्त लोगों ने दान किया। रक्तदान करने वालों में विमल पाण्डेय, विनोद कुमार गुप्ता, राघवेन्द्र यादव, श्याम कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार को मा. मंत्री जी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अतिरिक्त 05 क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान किया गया। साथ ही आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थी में इन्दु, रीना, सुनिता सहित 5 लाभार्थियों को आयुष्मान प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। मा. प्रधानमंत्री की 75 जन्म दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आज कुल 11998 रोगियों की ओपीडी जांच की गई। इनमें पुरुष 3884 पुरुष और 8114 महिला रोगी थीं। साथ ही 1517 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई। शिविर के तहत कुल 37 ऑपरेशन भी किए गए। टीकाकरण के अंतर्गत 258 गर्भवती महिलाओं, 857 बच्चों और 178 किशोर/किशोरियों का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम मेंजिला पंचायत अध्यक्ष श्री रविकांत पटेल, सदर विधायक श्री जयमगल कन्नोजिया, जिलाधिकारी श्री सन्तोष कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष श्री संजय पाण्डेय, सीएमओ श्रीकांत शुक्ला, उपस्थित रहे। सभा का संचालन स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी भागवत सिंह द्वारा किया गया।

# पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज पीपीए तहसील ईकाई आनंदनगर की मासिक बैठक



आनंदनगर। तहसील अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील सभागार में ईकाई की सदस्यता और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के क्रम में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पीपीए प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष डॉ टी एन गुप्त ने कहा पत्रकार का दायित्व है कि वह ईमानदारी पूर्वक जन समस्याओं को समाज और जवाबदेहों के समक्ष उजागर करे। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की भूमिका में प्रत्येक पत्रकार अपनी जिम्मेदारी का सच्चाई और निर्भीकता से निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के प्रति शासन प्रशासन की उपेक्षात्मक रवैए ने उन्हें संगठित होने को विवश किया है जिससे आज हमें संगठित होकर अपने हक और न्याय के लिए एकजुटता की तरफ अग्रसर होने की आवश्यकता महसूस हुई है। सभी साथियों से उन्होंने आग्रह किया कि पत्रकार निष्पक्ष होकर कार्य करें ताकि इस पुनीत कार्य पर कोई उंगली न उठा सके। उन्होंने संगठन को और ताकत देने के लिए नये साथियों का अभिनंदन भी किया।

बैठक को संबोधित करते हुए पीपीए के मंडल सचिव मोहम्मद मेराजुद्दीन खान उर्फ फिरोज खान ने कहा कि शीघ्र ही महराजगंज जिला ईकाई द्वारा जिले के चारों तहसील इकाइयों के सदस्यों का आई कार्ड वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश और राष्ट्रीय पदाधिकारियों की भी शत प्रतिशत उपस्थिति रहेगी। उन्होंने कहा कि जिन नये सदस्यों ने अभी तक सदस्यता फार्म नहीं जमा किया है वे शीघ्रता से अविलंब फार्म जमा कर देवें।

बैठक में उपस्थित सभी साथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने पुनः यह संकल्प दुहराया कि संगठन को एक नयी दिशा देने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। आगंतुकों का आभार भी व्यक्त किया। बैठक में नये सदस्यों को सदस्यता दिलाकर उनका स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से विष्णु गुप्ता, रूदल यादव, दीपक कुमार (तहसील अध्यक्ष नौतनवा), संजय कुमार (तहसील अध्यक्ष निचलौल) मोहम्मद अली, दुष्यंत कुमार, अशोक कुमार, मोहम्मद हनीफ, जिला अध्यक्ष गणेश कुमार अग्रहरि, कृष्ण कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# क्यूआर कोड के माध्यम से अपने सुझाव दें नागरिकगण : श्री नागेश्वरनाथ उपाध्याय



महराजगंज। उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने हेतु आयोजित संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन आज नगर एवं ग्राम्य विकास, उद्योग व पर्यटन और सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्रों पर पूर्व नौकरशाहों और शिक्षाविदों द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में चर्चा की गई। संवाद कार्यक्रम के प्रथम सत्र में ग्राम्य और नगर विकास के संदर्भ में विभिन्न नागरिक समूहों द्वारा उनके सुझाव आमंत्रित किए गए। प्रतिभागी समूहों में रोटरी क्लब, सिटीजन फोरम, ग्राम प्रधान, स्वयं सहायता समूह आदि के सदस्य शामिल रहे।कैसे बने गांव और शहर विकसित व आत्मनिर्भर परिचर्चा के दौरान नागरिक समूहों ने विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला गांवों और नगरों को बताते हुए इनके विकास के लिए अपने सुझाव रखे।ग्राम्य विकास क संदर्भ में अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए उपस्थित लोगों ने कहा मनरेगा के बजट में वृद्धि की जाए। पंचायतों का और अधिक सशक्तिकरण किया जाए। गांवों में अवसंरचना को मजबूत किया जाए।नगर विकास पर भी लोगों ने अपने सुझाव दिए। इनमें महात्मा बुद्ध की मूर्ति स्थापना, नगर पालिका के विकास हेतु मास्टर प्लान की तैयारी, सीवरेज प्रणाली को बेहतर करने, मोटरसाइकिल स्टैंड बनाने और अतिक्रमण हटाने जैसे मुद्दों पर अपने सुझाव रखे।महराजगंज को उद्योग और पर्यटन का केंद्र बनाने का रोडमैप बनाने पर ही चर्चा। संवाद के दूसरे सत्र में उद्यमियों, परिवहन संचालकों, टूरिस्ट गाइडों, होम स्टे संचालकों, लोक कलाकारों ने जनपद को उद्योग और पर्यटन का परिदृश्य बदलने और महराजगंज को प्रमुख औद्योगिक व पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने पर चर्चा की गई। संवाद कार्यक्रम में अमित अंजन ने लोक कलाओं को बचाने और उनको आय से जोड़ने पर अपने सुझाव रखते हुए कहा कि लोक कलाओं को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कलाकारों के पंजीकरण हेतु सूचना विभाग द्वारा कराए गए स्क्रीनिंग के रिजल्ट की मांग को रखा। जनपद के औद्योगिक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि उद्यमियों ने विशेष औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की मांग रखी। समिति ने इस सन्दर्भ में 100 एकड़ भूमि को चिन्हित करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। साथ ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुनिश्चित करने हेतु निवेश प्रक्रिया को आसान करने के लिए कहा।कैसे हो सुरक्षित आम नागरिक' संवाद कार्यक्रम में सुरक्षा एवं सुशासन विषय पर संवाद के दौरान नागरिकों को सुरक्षित करने और गुड गवर्नेंस पर व्यापक चर्चा हुई, जिसमें बेहतर पुलिसिंग, सर्विलांस आदि को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। बिना सीट बेल्ट और हेलमेट के वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध को सुनिश्चित करने और वाहन चालन प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना जैसे सुझाव नागरिक समूहों द्वारा रखे गए।कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता और सेवानिवृत्त आईएएस श्री नागेश्वरनाथ उपाध्याय ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी का सपना है कि भारत की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को विकसित करना है। इस सन्दर्भ में मुख्यमंत्री जी का मानना है कि प्रधानमंत्री जी के सपने को पूरा करने की पहली शर्त है कि उत्तर प्रदेश को समर्थ और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना होगा। हम इस लक्ष्य को वर्ष 2047 तक कैसे प्राप्त करें, इसको लेकर ही वृहद संवाद कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। संवाद हेतु सभी जिलों में अलगदृअलग क्षेत्र के विशेषज्ञ लोगों से बात कर रहे हैं और उनके सुझाव आमंत्रित कर रहे हैं, ताकि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 में प्रत्येक परिवार के सुझाव को समाहित किया जा सके। उन्होंने सभी से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में क्यूआर कोड को स्कैन कर अपने सुझाव शासन को प्रेषित करें, ताकि आपके सुझावों को समावेशित करते हुए 2047 की रूपरेखा तैयार की जा सके। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। नोडल अधिकारी महोदय ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना में समस्त नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस संवाद कार्यक्रम और क्यूआर कोड को जारी करने का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को नीति निर्माण में सीधी भूमिका प्रदान करना है। जिलाधिकारी महोदय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी नागरिकों से संवाद कार्यक्रम का हिस्सा बनने की अपील की। संवाद कार्यक्रम को पूर्व कृषि निदेशक श्री प्रमोद पांडेय और शिक्षाविद श्री घनश्याम शर्मा ने भी संबोधित किया।इससे पूर्व जिलाधिकारी महोदय ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री अनुराज जैन, डीडीओ श्री बी.एन. कन्नौजिया, डीसी उद्योग श्री अभिषेक प्रियदर्शी, डीसी मनरेगा श्री गौरवेंद्र सिंह, डीपीआरओ सुश्री श्रेया मिश्रा, सहायक पर्यटक अधिकारी श्री प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित सम्मानित नागरिकगण उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी, सशक्तपरिवार अभियान की समीक्षा करते जिलाधिकारी



बहराइच। जिलाधिकारी श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज कैंप कार्यालय में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के संदर्भ में संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने 17 से 02 अक्टूबर तक ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवारष अभियान को व्यापक और प्रभावी ढंग से चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने समस्त सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों द्वारा करवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने सभी सहयोगी विभागों को सोमवार 12रू00 बजे तक अभियान के संदर्भ में अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने सभी विभागों को अपनी तैयारी को समय से पूर्ण करने और अभियान को वृहद स्तर पर आयोजित करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ला ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की रूपरेखा से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पर्व के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का संचालन किया जाएगा। अभियान का केंद्रीय तत्व महिला स्वास्थ्य है। इस अभियान में ओपीडी पंजीकरण भारत सरकार द्वारा निर्मित विशेष ऐप एसएनएसपीए पर किया जाए बैठक में सीएमओ डॉ श्रीकांत शुक्ला, जिला विकास अधिकारी श्री बी. एन. कन्नौजिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दुर्गेश कुमार, सीएमएस डॉ. ए.के. द्विवेदी, डीपीआरओ सुश्री श्रेया मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# थाना खैरीघाट में सम्पन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

ब्यूरो चीफ रामेश्वर सिंह भदौरिया जनता का सच'



बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश के क्रम में आसन्न नवरात्र, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन, दशहरा इत्यादि त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी महसी आलोक प्रसाद की अध्यक्षता में थाना खैरीघाट पर ग्राम प्रधान, बीडीसी, दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों, वॉलिंटियर्स, डीजे संचालक व क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान आगामी त्योहारों व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने हेतु शासन के गाईडलाइन, दिशा निर्देश तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की जानकारी प्रदान करते हुए सौहार्द पूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाये जाने की अपील की गई। इस अवसर पर तहसीलदार नानपारा अम्बिका चौधरी, थानाध्यक्ष खैरीघाट राशिद अली सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने किया मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्टेट ब्यूरो चीफ अब्दुल नासिर जनता का सच



बहराइच। आगामी दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को लेकर नानपारा तहसील प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई हैं। उपजिलाधिकारी नानपारा ने गुरुवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न मूर्ति विसर्जन स्थलों का सी.ओ. नानपारा के साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने बाबाकुट्टी, निबिया, मथुरा पुल, इटहा पुल, मोहरबा नहर पुल आदि पर बने विसर्जन स्थल का जायजा लिया।

डॉ. शक्ति सिंह साधू (प्रधान सम्पादक), डॉ. प्रवीण (प्रबंध सम्पादक), एडवोकेट शैलेन्द्र श्रीवास्तव (कानूनी सलाहकार), राकेश अग्रवाल (जिला ब्यूरो उत्तर प्रदेश) अब्दुल नासिर स्टेट ब्यूरो उत्तर प्रदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक शक्ति सिंह द्वारा राज तरूण आफसेट, एल0जी0एफ0 5–14, अंसल सिटी सेंटर, हजरतगंज, लखनऊ– 226001 से मुद्रित तथा 486/238–डी, डालीगंज, निरालानगर, जनपद लखनऊ–226020 से प्रकाशित।

सम्पादक– शक्ति सिंह मो0 7052608007 नोटः समाचार पत्र से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय होगा।